फतेहगढ़ पुलिस

# बच्चे भी बाइक पर बैठते समय लगाएं हेलमेट

## यातायात के नियमों का पालन कर बने अच्छे नागरिक

संवाद न्यूज एजेंसी

**फर्रुखाबाद।** अभिभावकों के साथ बच्चे भी बाइक पर बैठते समय हेलमेट पहने। इससे हादसे में चोट लगने की गुंजाइश कम रहती है। यातायात के नियमों का पालन करके सभी को अच्छे नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। यातायात विभाग के दरोगा ने यह पाठ स्कूल के बच्चों को पढ़ाया।

ब्लाक बढ़पुर के गांव कुटरा स्थित यूनिवर्सल जूनियर हाई स्कूल में यातायात माह के अवसर पर शनिवार को जागरूकता गोष्ठी हुई। इसमें यातायात के दरोगा बन्ने खां ने छात्र-छात्राओं को बताया कि अभिवावक के साथ चार वर्ष के ऊपर के सभी छात्र-छात्राएं सफर करते समय हेलमेट जरूर पहने। इसके अलावा कार चलाते समय बच्चों को अभिभावकों व चालक को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक करना चाहिए।

विदेशों में यातायात के नियमों का पालन करते समय वहां के नागरिक गर्व महसूस करते हैं, जबकि हमारे यहां लोग नियम को तोड़ना अपनी शान समझते हैं। यह ठीक नहीं है। सभी को नियमों का पालन करन अच्छा नागरिक बनना चाहिए। इसके साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने से बचना चाहिए। मोड़ पर वाहन की स्पीड धीमी करके चलें। सड़क पार करते समय दोनों ओर देखकर ही आगे बढ़ें। प्रबंधक धर्मपाल, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



कुटरा स्थित स्कूल में बच्चों को जानकारी देते दरोगा बन्ने खां। संवाद

मीडिया सेल

# फतेहगढ़ पुलिस

उत्तर प्रदेश पुलिस

## महिला से हुई लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी पंकज व नन्नू। संवाद

**कायमगंज।** चार दिन पूर्व सेवानिवृत्त एएनएम से हुई लूट में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। हालांकि पुलिस के हाथ लूटी गई चेन नहीं लगी, लेकिन घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की बाइक बरामद की गई है। आरोपियों के पास से दो तमंचे व कारतूस भी मिले हैं।

नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी सेवानिवृत्त एएनएम जनक नंदनी वर्मा से गांव दमादमा गेट के पास बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर चेन लूट ली थी। इसमें उनके पुत्र राजीव वर्मा ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर जेपी पाल व एसओजी ने संयुक्त अभियान में शनिवार को अचरा मार्ग पर गांव झब्बूपुर पुलिया के पास बाइक सवार दो युवकों को संदेह के आधार पर पकड़ा।

उनके पास बिना नंबर की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम पंकज उर्फ ऊधम गिहार व नन्नू निवासी ग्राम ममापुर बताए। घटना के समय दोनों आरोपियों की मोबाइल के आधार पर लोकेशन घटना स्थल पर ही मिली है। (संवाद)

## दो और लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

यूथ इण्डिया संवाददाता,

**फर्रुखाबाद।** अपराधों पर अंकुश लगाने में जुटी पुलिस ने दो और लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तमंचा व लूट में प्रयोग की गई बाइक भी बरामद की है।

कोतवाली व कस्बा कायमगंज के मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा निवासी जनकनंदनी वर्मा पत्नी स्व0 राम प्रकाश ने मुकदमा दर्ज कराया था कि दो अज्ञात बाइक सवारों ने उनके कुन्डल लूटने का प्रयास किया था। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने घटना का खुलासा करने के लिए कोतवाली कायमगंज पुलिस के अलावा एसओजी टीम व सर्विलांस टीम को लगाया था। जिस पर एसओजी प्रभारी अशोक कुमार भाटी दीवान गजराज सिंह प्रवीण कुमार अमरनाथ शर्मा कपिल कुमार रामू यादव अजीत गौतम मुख्य आरक्षी चालक अवधेश कुमार कोतवाल कायमगंज जय प्रकाश पाल दरोगा विनोद कुमार अमित शर्मा शिव कुमार अंकित गंगवार कपिल कुमार सर्विलांस सेल प्रभारी जगदीश भाटी दीवान करन यादव सिपाही अनुराग कुमार अजय सिंह ने घटना का खुलासा करने के लिए मुखबिरों का जाल बिछा दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पकंज उर्फ ऊधम गिहार पुत्र हुकुम सिंह निवासी ममापुर तथा नन्नू पुत्र अतर सिंह निवासी ममापुर कोतवाली कायमगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो 315 बोर के तमंचा और तीन 315 के कारतूस और लूट की घटना में प्रयोग की गई बिना नम्बर की एक बाइक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने घटना का खुलासा करते हुए कहा कि यह लोग अर्न्तजनपदीय गिरोह के सदस्य है। यह जिले के अलावा आस पास जनपदों में भी लूट और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देते है। उन्होंने पुलिस टीम की पीठ थपथपाते हुए कहा कि अपराध और अपराधियों पर इसी तरह अनवरत रूप से शिकंजा कसा जाये।

सूबे की सरकार की मंशा के अनुरूप जीरो टारलेंस के मुताबिक काम करना है। अपराध और अपराधी किसीभी कीमत पर बख्शे नही जायेंगे। उन्होंने कहा कि अपराधी चाहे जितनी भी बडी पहुंच वाला क्यों न हो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नही जायेगा। इसी तरह पुलिस की कानूनी कार्यवाही अनवरत रूप से जारी रहेगी। इसमें कोई लापरवाही नही बरती जायेगी।

## लूट में पुलिस ने पकड़े दो आरोपित

**कायमगंज।** सेवानिवृत एएनएम से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपितो को धर दबोचा लिया है। बीते दिनों दिल्ली रोड दमदमा के पास झपट्टा मारकर सेवानिवृत एएनएम जनक नंदनी वर्मा के गले में पड़ी चेन लुटेरे लूट कर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने सीओ सोहराव आलम की देखरेख में टीम बनाई थी। जिसमे एसओजी प्रभारी अशोक कुमार, इंस्पेक्टर जयप्रकाश पाल, सर्विलांस प्रभारी जगदीश भाटी ने अचरा मार्ग स्थित झब्बूपुर पुलिया से आरोपित पंकज व नन्हू निवासी ममापुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को आरोपियों के पास से दो तमंचा व तीन कारतूस भी बरामद हुए हैं।

मीडिया सेल

# फतेहगढ़ पुलिस

## समाधान दिवस में आये आठ प्रार्थनों में से तीन का मौके पर निस्तारण



समाधान दिवस में समस्यायें सुनतें थानाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना** मऊदरवाजा में हुए समाधान दिवस में आठ प्रार्थना पत्र आये। जिनमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया और बांकी समस्याओं का समाधान करने के लिए टीम गठित कर दी। समस्याओं का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जायेगा। थानाध्यक्ष आमोद कुमार की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले हर फरियादियों को न्याय दिलाया जायेगा। किसी पीड़ित के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी प्रकार की परेशानी होने पर तुरन्त थाने में सम्पर्क करें व अपनी समस्यायें बताये। हमारा प्रयास होगा कि अधिक से अधिक समाधान कर सकें, ताकि शासन की मंशा के अनुरुप पुलिस का कार्य दिखायी दे।

## समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं समस्यायें



समस्यायें सुनतीं एसडीएम व सीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना समाधान दिवस पर एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी ने जनता की समस्यायें सुनीं। राजस्व विभाग की टीम के साथ कई मामलों का समाधान हुआ। नवाबगंज थाने पर शनिवार को थाना समाधान दिवस एसडीएम कायमगंज संजय कुमार तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के साथ जनता की समस्याओं को सुना गया। जिसमें कलौली महबुल्लापुर की रेनू पुत्री रामपाल कटेरिया ने अपने विकलांग चाचा नंदलाल कटेरिया के साथ आकर थाने में अपनी जमीन पर प्रधान के द्वारा कब्जा कराए जाने की शिकायत की। जिस पर एसडीएम ने ग्राम प्रधान से फोन द्वारा बात की। जिस पर ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह तथा एसडीम कायमगंज में काफी कहासुनी हो गई। थोड़ी देर में प्रधान नरेंद्र सिंह थाने पर पहुंचे और एसडीएम से तीखी नोकझोंक होने लगी। जिस पर नाराज एसडीएम ने थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा को ग्राम प्रधान को हिरासत में लेकर कार्यवाही करने के दिए निर्देश। जिस पर थाना अध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह को अपने हिरासत में लेकर थाने में बैठा दिया, लेकिन खबर लिखे जाने तक ग्राम प्रधान के विरुद्ध थाने में कोई लिखा पढ़ी की कार्यवाई नहीं की गई थी।

मीडिया सेल

# फतेहगढ़ पुलिस

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,64,674 मामले निपटे, 27252810 की वसूली

**जिला जज, डीएम व एसपी ने उद्घाटन करने के बाद स्टालों का गहनता से किया निरीक्षण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में जिला न्यायालयों से तहसील न्यायालयों तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत में 1,64674 मामलों का निस्तारण हुआ व 27252810 रुपये की धनराशि जमा करायी गई। सभी विभागों के अधिकारियों के सहयोग से मुकदमों का निस्तारण किया गया। जिला जज अश्वनी कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार व अन्य अधिकारियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके लोक अदालत का शुभारम्भ किया। लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका व अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर सुलह समझौता कराते हुए मामलों का निस्तारण कराया। 539 बैंक वसूली संबंधित मामलों का निस्तारण करके, 41505248 रुपये की वसूली बैंकों द्वारा की गई। 54690 विद्युत बिल संबंधी मामले निस्तारित किये गये। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आलोक कुमार पाण्डेय व अपर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब कु0 शैली राय ने 39 पारिवारिक वैवाहिक वादों का निस्तारण किया। मोटर वाहन दुर्घटना के 110 वादों का निस्तारण हुआ व 1292759 रुपये की वसूली की गई। कुल लंबित मामलों में से 2951 तथा प्री लिटिगेशन के 161723 मामले निस्तारित किये गये। कुल 164674 का मामलों का निस्तारण कर 87252810 रुपये की धनराशि जमा करायी गई। इस मौके पर न्यायिक अधिकारी विष्णु चन्द्र वैश्य, कृष्ण कुमार, नरेन्द्र प्रकाश, प्रेमशंकर, प्रवीण त्यागी, सुमित प्रेमी, राजेन्द्र सिंह, माधवी, परम यादव, अखिल कुमार, कुमार जितेन्द्र प्रताप सिंह, आरती मौर्या, विवेक यादव, आयुषी गोस्वामी, रजत प्रकाश, रामसिंह, लिपिक आरिफ खां, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ला, नाजिर मोहम्मद अफरोज सैफी के अलावा विभिन्न बैंकों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पराविधिक स्वयं सेवक, वादकारी व समाजसेवियों ने सहयोग किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिवम कुमार ने सभी के प्रति आभार जताया।



लोक अदालत का निरीक्षण करते जिला जज

## लोक अदालत में 1,64,674 मामलों का हुआ निस्तारण

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**डीएम, एसपी ने शुभारंभ किया, जमा कराई गई 8.72 करोड़ की धनराशि**

**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,64,674 मामलों का निस्तारण कर 8.72 करोड़ रुपये की धनराशि जमा कराई गई। जिला जज, डीएम एसपी ने लोक अदालत का शुभारंभ कर सभी पटलों पर चल रही कार्रवाई कर निरीक्षण किया।

विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का जिला जज अश्वनी कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया।

बैंक वसूली के 539 मामले का निस्तारण कर 4.15 करोड़ रुपये वसूल किए गए। 54,690 बिजली बिल संबंधी मामलों का निस्तारण किया गया।

न्यायाधीश विष्णु चंद्र वैश्य, महेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, प्रेम शंकर, नरेंद्र प्रकाश, सीजेएम प्रवीन कुमार त्यागी, मजिस्ट्रेट अखिल कुमार, सुमित प्रेमी, पकोर्ट मैनेजर मोहम्मद आरिफ, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**मीडिया सेल**

# फतेहगढ़ पुलिस

# डीएम एसपी ने समाधान दिवस पर सुनी समस्याऐं, कई मामलों का कराया निस्तारण

## एसपी ने चुनाव से सम्बंधित तथा एनसीआर रजिस्टरों की परखी हकीकत, गुण्डई करने बालों पर कार्यवाही के निर्देश

यूथ इण्डिया संवाददाता,



मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थाना समाधान दिवस के मौके पर पहुंचकर आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और तत्काल निस्तारण करने के आदेश दिये है।

थाना समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के सामने कोतवाली क्षेत्र के गांव दाउदपुर के रहने वाले अशोक कुमार ने शिकायत की है कि बीते लगभग बीस वर्षों से उनके खेत में उनकी समरसेबिल लगी हुई थी। जिस पर गांव के लोगों ने क्षेत्रीय लेखपाल से गलत पैमाइश करवाकर उस समर सेबिल को अपने खेत में निकलवा लिया। इतना ही नहीं लेखपाल की सह पर दबंगों ने समर सेबिल पर कब्जा भी कर लिया। जब उनसे कब्जा करने के लिए मना किया गया तो वह लडाई झगडा का मारपीट करने पर आमादा हो गये। जिस पर जिलाधिकारी श्री सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोषी पाये जाने पर लेखपाल के विरूद्ध भी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

डूंगरपुर की रहने वाली चन्द्रकली ने कहा कि गांव के ही गुण्डा किस्म के हिस्ट्रीशीटर लोगों ने उनके खेत पर कब्जा कर लिया है। अब वह उन्हे खेत नही जोतने दे रहे है। यह बात जैसे ही पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सुनी तो उनका पारा सातवे आसमान पर चढ गया। उन्होंने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को आदेश दिया कि दबंगों के विरूद्ध तत्काल गुंण्डा एक्ट की कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होने कहा कि पीडितों को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। इसमें लापरवाही या पक्षपात किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किय जायेगा। इसके अलावा भी दोनो आलाधिकारियों के सामने आधा दर्जन फरियादी और भी अपनी व्यथा लेकर पहुंचे। उन्हें भी अधिकारियों ने न्याय का भरोसा दिया है। निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने चुनाव से सम्बधित रजिस्टर की हकीकत परखी। इसके साथ ही उन्होंने एनसीआर रजिस्टर को खंगालकर अबतक की कार्यवाही के बारे में जानकारी ली है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

# समाधान दिवस में आई समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश

जागरण टीम, फर्रुखाबाद: जनपद की सभी थानों व कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मोहम्मदाबाद कोतवाली में समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने समाधान दिवस में आईं शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए।

मोहम्मदाबाद कोतवाली में डूंगरपुर निवासी चंद्रकली पत्नी छोटेलाल ने शिकायत की कि गांव के सजायाफ्ता युवक व उसके भाई ने उनके खेत किनारे बिजली के खंभा लगा दिया। मना करने पर पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए। नगला बहादुर निवासी रामविलास ने फगुना अतनपुर के पूर्व प्रधान के खिलाफ शिकायत की कि वह रास्ते से नहीं निकलने देते। डीएम ने कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस में आठ प्रार्थना पत्र आए। डीएम व एसपी ने सभी मामलों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसपी ने कोतवाली में जमीन विवाद रजिस्टर व चुनाव संबंधी रजिस्टर देखे। नवाबगंज थाने में एसडीएम कायमगंज संजय कुमार व सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने समस्याएं सुनी। इस दौरान पांच शिकायती पत्र आए। जिनमें दो का निस्तारण किया गया। थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, एसआई नरेंद्र कुमार, राहुल कुमार, राजस्व निरीक्षक रामसिंह, आदर्श कुमार, उदय प्रताप, अनुराग कुमार आदि राजस्व कर्मी रहे। मेरापुर थाने में छह प्रार्थना पत्र आए, जिसमें तीन का निस्तारण कर दिया गया और तीन के लिए टीमे भेजी गईं। इंचार्ज थाना प्रभारी अच्छेलाल पाल, राजस्व निरीक्षक संकिसा साहब सिंह, रामप्रकाश यादव व लेखपाल मौजूद रहे। मऊदरवाजा थाने में आठ शिकायतें आईं, जिनमें तीन का निस्तारण हो गया। एएसपी अजय प्रताप व सीओ सिटी प्रदीप कुमार मौजूद रहे। शहर कोतवाली में तीन मामले आए, जिनकी जांच के आदेश दिए गए।

मीडिया सेल


मोहन